# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक: परीक्षा / 3569
दिनांक: 12.03.2021

### विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित परास्नातक पाठ्यक्रमों (एम0ए0, एम0एस–सी0, एम0काम0, एम0एस–सी0 कृषि, एम0एस–सी0 होम साईस) तथा स्नातक पाठ्यक्रमों बी0एस–सी0 (कृषि) एवं बी0एस–सी0 (होम साईस) विषम सेमेस्टर (दिसम्बर–2020) परीक्षा (सत्र 2020–21) केवल प्रथम सेमेस्टर हेतु मुख्य/बैक पेपर/भूतपूर्व छात्र परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म ऑन लाईन भरवाये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 07.03.2021 तक निर्धारित थी, परन्तु कतिपय छात्र/छात्रायें परीक्षा फार्म भरे जाने के उपरान्त परीक्षा शुल्क जमा करने अथवा परीक्षा फार्म भरे जाने से वंचित रह गये हैं।

अतः माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुये ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्रायें अपने प्रत्यावेदन को सन्दर्भित महाविद्यालय/संस्थान से अग्रसारित कराते हुये समस्त संलग्नकों एवं फोन नम्बर सहित दिनांक 17.03.2021 तक ई–मेल : **ccsucorrection@gmail.com** पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। **सन्दर्भित तिथि के पश्चात् किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।**

12-3-2021

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
06. वैयक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
08. सहा0 कुलसचिव (गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
09. समस्त अनुभाग प्रभारी, परीक्षा विभाग।
10. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्पनी, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

12-3-2021

परीक्षा नियंत्रक